दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शनिवार 23 फरवरी 2019

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमलीडीह एवं बैहामुड़ा में ग्रामवासियों को किया गया मतदान के प्रति जागरूक




**रायगढ़।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज घरघोड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अमलीडीह, बैहामुड़ा में स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई।

### रायगढ़ में भी महसूस हुए भूकंप के झटके

**रायगढ़।** गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे रायगढ़ जिले के कुछ हिस्सों में भूकंप के हल्के झटके महसूस हुए। रायपुर स्थित मौसम विभाग ने बताया कि भूकंप का केंद्र 22.9 उारी अक्षांश एवं 82.3 पूर्वी देशांतर बताया जा रहा है। यानी कोरबा और चिरमिरी के मध्य था। हालांकि केंद्र में ही भूकंप की तीव्रता 3.5 रिटर थी। जिसके कारण इससे जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। केन्द्र में भूकंप की गहराई 5 कि.मी. थी। रायगढ़ के अलावा बिलासपुर के मरवाही, कोरिया, चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ में भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। गोंडवाना लैंड और सबसे देर में बने प्लेटों के कारण छीसगढ़ नो सिस्मिक (भूकंप रहित) क्षेत्र में आता है। इसलिए यहां भूकंप से कभी बड़ी क्षति नहीं हो सकती है। भू-गर्भीय हलचलों के कारण कभी-कभी हल्के झटके लग सकते हैं लेकिन तबाही वाला भूकंप छीसगढ़ की धरती में केंद्र नहीं हो सकता। हालांकि अन्यत्र में अधिक तीव्रता के कारण यहां उसका प्रभाव दिख सकता है। फिलहाल रायगढ़ और आसपास में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए हैं। लोगों ने खिड़की और दरवाजों के हिलने को देखा है। विशेषज्ञों की मानें इस तीव्रता का भूकंप जान-माल की हानि नहीं करता एवं सभी लोगों द्वारा महसूस नहीं किया

### टिकेश्वर की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

**रायगढ़।** तहसील खरसिया के ग्राम-करौवाडीह निवासी टिकेश्वर की 17 नवम्बर 2017 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। एसडीएम खरसिया द्वारा तहसीलदार की अनुशंसा पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक की पत्नी टिकेश्वरी को 25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रेमी युगल ने चलती ट्रेन के सामने लगाई छलांग

**रायगढ़।** आज सुबह कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सोनिया नगर साई मन्दिर के सामने रेलवे क्रोसिंग के सामने एक युवक युवती की संदिग्ध अवस्था मे जमीन में पड़े देखा गया। बात आग की तरह पूरे छेत्र में फैल गई। पास जाकर देखने पर पता चला कि युवती की मौत हो चुकी है व युवक गम्भीर रूप से छटपटा रहा है। उपस्थित लोगो ने मामले की जानकारी कोतवाली थाने में दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक युवती का जोड़ा सोनिया नगर तरफ से पटरी पार करके चमड़ा गोदाम की ओर जा रहे थे। पटरी पार करने के दौरान उनका आपसी में कुछ वादविवाद चल रहा था उसी समय तेज रफ्तार से आती ट्रेन के सामने युवती ने छलांग लगा दी लड़के ने उसे बचाने की कोशिश भी की लेकिन लड़की नही बच पाई। फिलहाल दोनो की शिनाख्ती नही हो पाई है। मोके पर पुलिस बल पहुंच कर युवक को 108 के माध्यम से जिला अस्पताल भेज दिया गया है व शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पुलिस अधीक्षक के हाथों कोतवाली, कोतरारोड़ राईनो के आरक्षक व चालक हुए पुरूष्कृत



**रायगढ़।** डॉयल 112 परियोजना अन्तर्गत जिले में कार्यरत ईआरव्ही द्वारा प्रतिमाह ड्यूटी (आपातकालीन सेवा) की समीक्षा निर्धारित मापदंड अनुसार पुलिस मुख्यालय द्वारा की जा रही है तथा माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ईआरव्ही स्टाफ को पुरूस्कृत कर प्रोत्साहित करती है।

इसी क्रम में माह दिसम्बर 2018 की समीक्षा में जिले के ईआरव्ही स्टाफ कोतवाली व कोतरारोड़ राईनो द्वारा आपातकालीन ड्यूटी दौरान उत्कृष्ट कार्य कुशलता का प्रदर्शन करते हुए ईआरव्ही के माध्यम से जन सामान्य की त्वरित एवं अधिक से अधिक सहायता प्रदान की किया गया जिसके फलस्वरूप आज दिनांक 21.02.19 को पुलिस अधीक्षक महोदय राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा कोतवाली एवं कोतरारोड़ राईनो स्टाफ को कार्यालय बुलाकर उन्हें नगद पुरूस्कार राशि वितरित किये।

पुरूस्कार प्राप्त करने वाले कोतवाली राईनो के आरक्षक शुभम तिवारी एवं कोतरारोड़ राईनो के आरक्षक सुशील मिंज को 500-500 रूपये एवं इन वाहनों के चालक सुरेश सारथी तथा चालक अमीर खान को 250-250 रूपये नगद राशि ईनाम स्वरूप प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, प्रभारी कन्ट्रोल रूम/डॉयल 112 सउनि प्रेमसाय भगत, ईआरव्ही वाहन प्रबंधक मनोज सिंह व राईनो स्टाफ मौजूद थे।

# भुगतान नहीं होने से अस्पताल में गार्ड्स ने किये काम बंद



**रायगढ़।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षा के लिए प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी को काम सौपा गया है, जिसमें तीन महीनों से नियमित वेतन भुगतान नहीं होने के कारण गुरूवार से गार्डस ने काम करना बंद कर दिया और वेतन की मांग करने के लिए अस्पताल के अधीक्षक के पास पहुंच गए. जहां एमएस ने उनकी समस्या को दूर करने के जगह सीधे सीधे काम छोड़कर घर बैठने की सलाह दे डाली. एमएस ने कहा कि पैसे नहीं मिल रहे हैं तो वह काम छोड़ कर जा सकते हैं। अस्पताल में सुरक्षा की जिम्मेदारी बिलासपुर की एक सिक्योरिटी एजेंसी को दी गई है. एजेंसी क` गार्डस अस्पताल के साथ मेडिकल कॉलेज में भी डयुटी करते हैं।

फिलहाल लगभग 60 के आसपास सिक्योरिटी गार्डस काम कर रहे हैं. जिन्हें दैनिक कार्य के आधार पर पैसे का भुगतान किया जाना है. गुरूवार को इन गार्डस ने अचानक काम करना बंद कर दिया और एमएस के चेंबर क` पास जमा हो गए. जानकारी मांगने पर बताया गया कि कंपनी की तरफ से तीन माह से भी ज्यादा समय से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

सिक्योरिटी गार्डस को महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण जब अस्पताल के एमएस से जानकारी मांगी गई तो सारी समस्या के लिए ट्रेजरी को जिम्मेदार बता दिया. उनका कहना था कि ट्रेजरी से वेतन के लिए भेजी गई फाईल पर आपत्ती लगा दी गई है. जिसके कारण भुगतान में देरी हुई है. उनका कहना था कि पूर्व डीन के कार्यकाल में बील भेजा गया था. अब उसे नए सिरे से बनाया जा रहा है. वहीं मेडिकल कॉलेज के डीन डा. लूका ने बताया कि प्रबंधन के पास पैसे की कमी है, जिसके कारण समस्या आ रही है. इसके उलट पूर्व डीन और वर्तमान डीन पैसों की समस्या होने की बात से ही इंकार करते हैं।

### चार स्थायी वारंट तामिल

**रायगढ़।** थाना खरसिया स्टाफ द्वारा आज दिनांक 21.02.19 को छ्रूस्त्रष्ट खरसिया के न्यायालय से अप.क्र. 575/13 धारा 279,337 के आरोपी राजेन्द्र कुमार सारथी पिता भैयालाल सारथी उम्र 35 वर्ष निवासी ठुसेकेला थाना खरसिया तथा अप.क्र. 519/13 धारा जुआ एक्ट के आरोपी दुर्गा प्रसाद पिता छेदीलाल यादव उम्र 36 वर्ष, देवनारायण साहू पिता हेतुराम साहू उम्र 32 वर्ष दोनों निवासी परसापाली थाना खरसिया के विरूद्ध जारी स्थायी वारंट के परिपालन में वारंटियों को न्यायालय पेश कर वारंट की तामिली की गई। थाना भूपदेवपुर स्टाफ द्वारा भी छ्रूस्त्रष्ट खरसिया न्यायालय से आबकारी एक्ट के अप.क्र. 74/16 में आरोपी मनोज कुमार चौहान पिता कलाराम चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी दर्री थाना भूपदेवपुर को जारी स्थायी वारंट तामिली आरोपी को न्यायालय पेश कर किया गया।

# ग्राम हिर्री में सारंगढ़ पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम




**रायगढ़।** हमर पुलिस हमर गांव के बैनर तले सारंगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम हिर्री में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में थाना सारंगढ़ के सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मानव तस्करी, यातायात नियमों, ऑनलाइन ठगी, नशाखोरी, अनिवार्य शिक्षा व सामाजिक अपराध आदि विषयों पर जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# निगम व जनप्रतिनिधियों के लापरवाही से खंडहर बना हस्तशिल्प काम्प्लेक्स



**रायगढ़।** जिला मुख्यालय रायगढ़ के बेलादुला मरीन डाइव रोड में टेलीफोन आफिस के पीछे स्थित खाली स्थान पर बने नगर पालिक निगम का हस्तशिल्प काम्प्लेक्स की करीब एक दर्जन दुकाने अब खंडहर में तब्दील होने लगी है।

गौरतलब हो कि जिले के मशहूर झारा कारीगरों और सिल्क निर्माताओं को बाजार उपलब्ध कराने के लिहाज से तकरीबन सात से आठ साल पहले बनाई गई दुकाने जहां एक ओर देख-रेख के आभाव में अब खंडहर में तब्दील होने लगी है,तो दूसरी तरफ काम्प्लेक्स का खाली पड़ा मैदान और दुकाने शराबियों तथा असमाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। काम्प्लेक्स के आसपास शराब की खाली बोतले, डिस्पोजल ग्लास, पानी के खाली पड़े प्लास्टिक पाउच इसकी बदहाली बयान करने के लिहाज से काफी है। वही लाखों करोड़ों रुपये खर्च कर बनाये गए इस व्यवसायिक काम्प्लेक्स को लेकर अब तक निगम प्रसाशन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता भी समझ से परे है।







## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

## न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480